नशा मुक्ति उत्तराखंड रैली व राफ्टिंग के साथ शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

राजकीय महाविद्यालय, नरेंद्रनगर के पर्यटन अध्ययन विभाग का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम शिवपुरी में नशा मुक्ति अभियान व रिवर राफ्टिंग के साथ संपन्न हुआ। शिविर के द्वितीय दिवस का आरंभ आचार्य पौरुष द्वारा योग व ध्यान की विभिन्न क्रियाओं से हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय की धूम्रपान एवं मादक द्रव्य निषेध समिति के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं द्वारा शिवपुरी क्षेत्र में "नशा मुक्त उत्तराखंड" अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारंभ रिप्पली एडवेंचर, शिवपुरी के श्री रामपाल भंडारी एवं चौधरी हरी सिंह सेवा संस्थान के श्री विक्रम आर्य द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न नारों एवं स्लोगन के माध्यम से राफ्टिंग व्यवसाईयों, दुकानदारों एवं पर्यटकों को नशे के दुष्परिणामों पर जागरूक किया गया। रैली के बाद छात्र-छात्राओं द्वारा मरीन ड्राइव से शिवपुरी तक रिवर राफ्टिंग की गई। जिसमें रिप्पली एडवेंचर के इंस्ट्रक्टर श्री रोहित द्वारा रिवर राफ्टिंग के विभिन्न आयामों की जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ0 राजेश उभान ने शैक्षणिक भ्रमण के सफल संचालन हेतु पर्यटन अध्ययन विभाग को बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर महाविद्यालय के पर्यटन अध्ययन विभाग के डॉ0 विजय प्रकाश भट्ट श्री शिशुपाल रावत व मनोविज्ञान विभाग की रंजना जोशी सहित छात्र-छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित रहे|

एक पल का
नशा
जीवन भर सजा
Say No To Tobacco